# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा, 2017
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 10-03-2019)

## Hindi Knowledge & Writing Ability
## हिंदी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

ईर्ष्या का काम जलाना है; मगर, सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति हैं, जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुनने वाले मिलें कि अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफोन बजने लगता है और वे बड़े ही होशियारी के साथ एक-एक काण्ड इस ढंग से सुनाते हैं, मानों विश्व कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय नहीं हो। मगर, जरा उनके अपने इतिहास को भी देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जबसे उन्होंने इस सुकर्म का आरंभ किया है, तबसे वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं या पीछे हटे हैं। यह भी कि अगर वे निंदा करने में समय और शक्ति का अपव्यय नहीं करते तो आज उनका स्थान कहाँ होता।

**1. ईर्ष्या का काम है:**

(a) रूलाना (b) हँसाना
(c) जलाना (d) नचाना

**Ans : (c)** उपर्युक्त गद्यांश की प्रथम पंक्ति के अनुसार 'ईर्ष्या का काम जलाना है; मगर, सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है।'

**2. गद्यांश में प्रयुक्त 'ध्येय' का क्या अर्थ है?**

(a) लक्ष्य (b) इच्छा (c) आदर्श (d) मूल्य

**Ans : (a)** दिये गये गद्यखण्ड में प्रयुक्त 'ध्येय' शब्द का अर्थ 'लक्ष्य' है जो गद्य की पंक्तियों द्वारा स्पष्ट होता है। (श्रोता मिलते ही ............ कोई ध्येय नहीं हों।)

**3. गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्तियों की:**

(a) प्रशंसा की गई है। (b) खिल्ली उड़ाई गई है
(c) स्तुति की गई है (d) उपासना की गई है।

**Ans : (b)** दिये गये गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्ति की खिल्ली उड़ाई गयी है। लेखक के विश्लेषणानुसार गद्य का सार है कि दिमाग की सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग सतत् उत्तम प्रयासों के सन्दर्भ में होना चाहिए; न कि ईर्ष्या के वशीभूत होकर नकारात्मकता का भण्डार बन जाने में। ईर्ष्या द्वेष के भाव सर्वप्रथम उसे ही अपना भक्ष्य बनाते हैं जिसके मन में ये भाव उत्पन्न होते हैं।

**4. 'अपव्यय' का क्या अर्थ होता है?**

(a) खर्च (b) कम खर्च
(c) अधिक खर्च (d) फिजूल खर्च

**Ans : (d)** 'अपव्यय' दो शब्दों से मिलकर बना है। यह शब्द 'अप' उपसर्ग और व्यय के संयोग से बना है, जिसका अर्थ फिजूल खर्च है। अतः अपव्यय का सही अर्थ 'फिजूल खर्च' होगा।

**5. गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक क्या होगा?**

(a) ईर्ष्या (b) निंदा
(c) ईर्ष्या से लाभ (d) अपव्यय

**Ans : (a)** दिये गये गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक 'ईर्ष्या' होना चाहिए क्योंकि दिये गये गद्यांश में ईर्ष्या के जन्म, उत्पन्न दोषों तथा ईर्ष्या से लोगों की मानसिकता किस प्रकार नकारात्मकता की ओर बढ़ चलती है आदि का वर्णन किया गया है।

**6. 'अधिकार' में उपसर्ग है:**

(a) कर (b) कार
(c) अधि (d) अ

**Ans : (c)** 'अधिकार' शब्द में **'अधि'** उपसर्ग जुड़ा हुआ है। वस्तुतः उपसर्ग किसी शब्द विशेष के पहले जुड़कर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं। अधिकार का अर्थ 'प्रभुत्व/कब्जा, हक' होता है जबकि अधिकार का विपरीतार्थक शब्द 'अनधिकार' होता है।

**7. 'धार्मिक' में प्रत्यय है:**

(a) क (b) इक
(c) मिक (d) धर्म

Ans : (b) 'धार्मिक' शब्द में **'इक'** प्रत्यय लगा हुआ है। संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण के अन्त में लगने वाले प्रत्यय को तद्धित प्रत्यय कहा जाता है तथा संस्कृतनिष्ठ संज्ञाओं के अन्त में तद्धित-प्रत्यय लगाने से भाववाचक, अपत्यवाचक तथा गुणवाचक विशेषण बनते हैं। 'इक' संस्कृतनिष्ठ तद्धित प्रत्यय है जो 'धर्म' संज्ञा के पीछे जुड़कर गुणवाचक विशेषण 'धार्मिक' बन जाता है।

**8. 'आकर्षण' का विलोम होगा:**

(a) कर्षण (b) विकर्षण
(c) घर्षण (d) अपमान

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'आकर्षण' का विपरीतार्थक शब्द 'विकर्षण' है। कर्षण का अर्थ, 'जोती गयी जमीन' या 'हल' चलाना तथा घर्षण का अर्थ 'घिसना' होता है। अपमान का विलोम सम्मान होता है।

**9. 'जानने की इच्छा' के लिए एक शब्द है:**

(a) इच्छा (b) आशा
(c) जिज्ञासा (d) अभिलाषा

**Ans : (c)** 'जानने की इच्छा' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'जिज्ञासा' है। आशा का अर्थ 'उम्मीद', 'भरोसा' या 'आसरा' है। इच्छा का शाब्दिक अर्थ 'रुचि', 'कामना' या 'चाह' है। अभिलाषा 'इच्छा' का समानार्थी शब्द है।

**10. 'कथा' का बहुवचन होगा:**

(a) कथें (b) कथों
(c) कथानक (d) कथाएँ

**Ans : (d)** 'कथा का बहुवचन 'कथाएँ' होगा। आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के 'आ' के अन्त में 'एँ' लगाकर बहुवचन बनाते हैं। 'कथा' आकारान्त स्त्रीलिंग एकवचन शब्द है जिसमें 'एँ' लगाकर 'कथाएँ' बहुवचन शब्द बनाया जा सकता है।

**11. निम्न में से कौन सा वाक्य वर्तमान काल का है?**

(a) मानव पढ़ता है (b) मोहन गया।
(c) सीता सो रही थी। (d) वह जाएगा

**Ans : (a)** प्रश्नगत वाक्यों में 'मानव पढ़ता है' सामान्य वर्तमान काल का रूप है। शेष वाक्य विभिन्न कालों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जैसे –
मोहन गया – सामान्य भूतकाल
सीता सो रही थी – अपूर्ण भूतकाल
वह जायेगा – सामान्य भविष्यकाल

**12. निम्न में प्रश्नवाचक चिह्न कौन सा है?**

(a) ? (b) !
(c) , (d) ;

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में (?) प्रश्नवाचक चिह्न है। वाक्य के सुंदर गठन तथा बोधगम्यता हेतु विराम चिन्हों का प्रयोग किया जाता है। प्रश्नगत अन्य चिह्नों का विवरण निम्न हैं–
! – विष्मयादिबोधक चिह्न
, – अल्प विराम चिह्न
; – अर्द्धविराम चिह्न

**13. 'रास्ता देखना' मुहावरे का अर्थ है:**
(a) समय नष्ट करना (b) पता लगाना
(c) निराश होना (d) प्रतीक्षा करना

**Ans : (d)** 'रास्ता देखना' मुहावरे का अर्थ 'प्रतीक्षा करना' है।

**14. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है?**
(a) एक हाथ से ताली बजानी चाहिए।
(b) झगड़े के लिए एक पक्ष जिम्मेदार होता है।
(c) झगड़े के लिए दोनों पक्ष जिम्मेदार होते हैं।
(d) झगड़े के लिए कोई जिम्मेदार नहीं होता।

**Ans : (c)** लोकोक्ति 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' का सही अर्थ 'झगड़े' के लिए दोनों पक्ष जिम्मेदार होते हैं'।

**15. निम्न में दंत्य वर्ण कौन सा है?**
(a) स (b) प
(c) ट (d) ह

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में से 'स' दन्त्य वर्ण है जो वर्त्स्य (दन्तमूल से) उच्चारित किया जाता है। 'प' ओष्ठ्य , 'ट' मूर्धन्य (तालु के मूर्धाभाग से) तथा 'ह' स्वर यन्त्रीय (काकल्य) या कंठ द्वारा उच्चारित किये जाते हैं।

**16. निम्न में अनुनासिक वर्ण कौन सा है?**
(a) प (b) ब (c) म (d) थ

**Ans : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में 'म' अनुनासिक वर्ण है। ऐसे वर्णों का उच्चारण नासिका तथा मुँह से होता है और उच्चारण में लघुता रहती है। हिन्दी वर्णमाला में पाँच वर्ण ङ, ञ, ण, न, म अनुनासिक हैं। विकल्प में 'प', 'ब' तथा 'थ' वर्ण तीनों ही स्पर्श व्यंजन हैं।

**17. 'महेन्द्र' का संधि-विच्छेद होगा:**
(a) महा + इन्द्र (b) मह + इन्द्र
(c) मही + इन्द्र (d) महे + इन्द्र

**Ans : (a)** महेन्द्र का संधि विच्छेद 'महा + इन्द्र' है, जो गुण स्वर संधि का प्रकार है। यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं।

**18. 'राजदरबार' में कौन सा समास है?**
(a) अव्ययी भाव (b) तत्पुरुष (c) द्वंद्व (d) द्विगु

**Ans : (b)** 'राजदरबार' में सम्बन्ध तत्पुरुष समास है क्योंकि राजदरबार का विग्रह है राज + दरबार अर्थात राजा का दरबार। यहाँ सम्बन्ध कारक विभक्ति 'का' प्रयुक्त हुई है अतः यहाँ सम्बन्ध तत्पुरुष समास है।

**19. 'यथासंभव' में कौन सा समास है?**
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययी भाव

**Ans : (d)** 'यथासंभव' में अव्ययी भाव समास है। इस समास का पूर्वपद प्रधान होता है और समास पद अव्यय हो जाता है। इसमें पहला पद उपसर्ग जाति का अव्यय होता है और वही प्रधान होता है। 'यथा संभव' में पहला पद अव्यय है और वही प्रबल पद है।

**20. निम्न में कौन सा शब्द विदेशी है?**
(a) मयूर (b) मील
(c) वचन (d) मध्य

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'मील' शब्द विदेशी है जो दूरी का मात्रक है।

**21. 'हिमालय' किस प्रकार की संज्ञा है?**
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

**Ans : (a)** 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु/व्यक्ति/स्थान/आकृति का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। यहाँ हिमालय से पर्वत के नाम का बोध हो रहा है, अतः 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**22. निम्न में प्रश्नवाचक सर्वनाम कौन सा है?**
(a) जो (b) सो
(c) कोई (d) कौन

**Ans : (d)** प्रश्नगत विकल्पों में 'कौन' प्रश्नवाचक सर्वनाम है। प्रश्न करने के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग होता है, उन्हें 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' कहते हैं। यथा – कौन, क्या, क्यों इत्यादि।

**23. निम्न में कौन-सा संख्यावाचक विशेषण है?**
(a) कुछ (b) कैसा
(c) गरीब (d) सफेद

**Ans : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में 'कुछ' संख्यावाचक विशेषण है। संख्यावाचक विशेषण के तीन भेद होते हैं–
निश्चित संख्यावाचक विशेषण
अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
परिमाणबोधक विशेषण
'कुछ' परिमाणबोधक विशेषण के अन्तर्गत आता है।

**24. निम्न में कौन सा हवा का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) वायु (b) समीर
(c) पवन (d) सलिल

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में 'सलिल' हवा का पर्यायवाची नहीं है अपितु यह 'जल' का पर्यायवाची शब्द है। अन्य सभी विकल्प वायु, समीर, पवन, हवा के पर्यायवाची हैं।

**25. निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है?**
(a) ज्योत्सना (b) पुन्य
(c) उन्नती (d) छमा

**Ans : (a)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'ज्योत्सना' शुद्ध शब्द है। विकल्प में प्रस्तुत अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्नलिखित है–
पुन्य – पुण्य
उन्नती – उन्नति
छमा – क्षमा

**26. निम्न में कौन सा शब्द अशुद्ध है?**
(a) पुष्प (b) पुज्य (c) परिस्थिति (d) प्रशंसा

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से 'पुज्य' अशुद्ध शब्द है, जिसका शुद्ध रूप 'पूज्य' है। विकल्प में उपस्थित शेष शब्द शुद्ध वर्तनी वाले हैं।

**27. निम्न में कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?**
(a) प्रभाव (b) भाषा (c) निर्माण (d) विवाह

**Ans : (b)** प्रस्तुत विकल्पों में 'भाषा' शब्द स्त्रीलिंग है। विकल्प में उपस्थित शेष शब्द-प्रभाव, निर्माण, विवाह अकारान्त पुल्लिंग हैं।

**28. निम्न में कौन सा वाक्य शुद्ध है?**
(a) मैं घर जाना है। (b) मैंने घर जाना है।
(c) मुझे घर जाना है। (d) मैंने घर जाने है।

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में 'मुझे घर जाना है' वाक्य शुद्ध है। विकल्प में उपस्थित अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

**29. 'आदेश' का अंग्रेजी अनुवाद क्या होगा?**
(a) ORDER (b) REQUEST
(c) GUIDE (d) DIRECTION

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'आदेश' का अंग्रेजी अनुवाद ORDER होता है। REQUEST का हिन्दी अनुवाद 'निवेदन' होता है। GUIDE का हिन्दी अनुवाद 'दिग्दर्शक' तथा DIRECTION का अनुवाद 'संचालन/निर्देशन' है।

**30. TEACHING का हिन्दी अनुवाद होगा :**

(a) अध्ययन (b) अध्यापन

(c) निरीक्षण (d) शिक्षण

**Ans : (a)** TEACHING का हिन्दी अनुवाद 'अध्यापन' होगा। विकल्प में उपस्थित अन्य शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद निम्नवत् हैं :

अध्ययन – Study

निरीक्षण – Inspection

शिक्षण – Educational/Pedagogies

**31. 'ब्रजभाषा' का केंद्रीय क्षेत्र है:**

(a) लखनऊ (b) इलाहाबाद

(c) मथुरा (d) वाराणसी

**Ans : (c)** ब्रजभाषा के केन्द्रीय क्षेत्रों में मथुरा, आगरा, अलीगढ़, बरेली, बदायूँ, एटा, मैनपुरी, गुरुग्राम, भरतपुर, करौली इत्यादि शामिल हैं। ब्रजभाषा शौरसेनी अपभ्रंश की पश्चिमी हिन्दी उपभाषा से ओकार बहुला रूप में विकसित है। इलाहाबाद व लखनऊ अवधी भाषा के क्षेत्र हैं, जबकि वाराणसी भोजपुरी भाषा के क्षेत्र में प्रमुखता से सम्मिलित हैं।

**32. परिपत्र के संबंध में कौन सा कथन गलत है?**

(a) सबसे ऊपर परिपत्र संख्या लिखी जाती है।

(b) इसमें सम्बोधन की आवश्यकता नहीं होती।

(c) इसमें विषय का संकेत नहीं रहता।

(d) इसमें अधोलेख (भवदीय) की आवश्यकता नहीं होती।

**Ans : (*)** परिपत्र सरकारी पत्र का ही एक रूप है। एक ही विषम को, एक ही प्रेषक द्वारा, अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचना देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला पत्र परिपत्र कहलाता है।

**परिपत्र की विशेषताएँ–**

1. परिपत्र में सबसे ऊपर पत्रांक संख्या या परिपत्र संख्या लिखी जाती है।
2. ये पूर्णतः औपचारिक होते है।
3. इसमे विषय का उल्लेख किया जाता है।
4. इसमें संबोधन हेतु महोदय/महोदया का प्रयोग होता है।
5. इसमें स्वनिर्देश हेतु भवदीय/भवदीया का प्रयोग होता है।

**33. अर्द्धशासकीय पत्र के सन्दर्भ में कौन सा कथन गलत है?**

(a) इसका स्वरूप व्यक्तिगत पत्र के समान होता है।

(b) यह पत्र अन्य पुरुष में लिखा जाता है।

(c) औपचारिक शब्दों से आरंभ करने की आवश्यकता नहीं होती।

(d) प्रायः समान स्तर के अधिकारी के साथ ऐसा पत्र व्यवहार होता है।

**Ans : (b)** किसी सरकारी अधिकारी द्वारा अन्य सरकारी अधिकार/कर्मचारी/गैर सरकारी व्यक्ति को सरकारी कार्य के संदर्भ में किसी खास मामले की ओर ध्यान आकर्षित कराने, विचार-विमर्श, सहमति, स्पष्टीकरण, सूचनाओं के आदान-प्रदान करने आदि हेतु व्यक्तिगत स्तर पर लिखा गया पत्र अर्द्ध-सरकारी पत्र कहलाता है। अर्द्धसरकारी पत्र उत्तम पुरुष (प्रथम पुरुष) में मित्रतापूर्ण भाषा में लिखा जाता हैं। इसमें अभिवादन तथा संबोधन का विशेष महत्व होता है।

**34. निम्न में कौन सा वर्ण घोष है?**

(a) क (b) ख

(c) च (d) ग

**Ans : (d)** नाद की दृष्टि से जिन वर्णों के उच्चारण में स्वर तंत्रिया झंकृत होती है, वे घोष वर्ण कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवा व्यंजन वर्ण, सभी स्वर वर्ण, य,र,ल,व और 'ह', घोष वर्ण कहलाते हैं। इस प्रकार दिये विकल्पों में 'ग' वर्ण घोष है।

**35. 'संहार' का सही संधि-विच्छेद है क्या होता है?**

(a) सन + हार (b) सन् + हार

(c) सम + हार (d) सम् + हार

**Ans : (d)** संहार का सही संधि विच्छेद सम् उपसर्ग के साथ हार के रूप (सम् + हार) में प्राप्त होता है जिसका तात्पर्य 'सम्पूर्ण विनाश' से है।

**36. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम है?**

(a) चक्र (b) चाँद

(c) छेद (d) छत

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'चक्र' शब्द तत्सम है। हिन्दी भाषा में संस्कृतनिष्ठ शब्दों की शृंखला तत्सम और उनसे उत्पन्न स्थानीय शब्द तद्भव कहलाते हैं। इस सन्दर्भ में उपस्थित विकल्पों में 'चक्र' तत्सम शब्द है। अन्य शब्दों के तत्सम रूप निम्नवत हैं–

चाँद –चन्द्रमा

छेद – छिद्र

छत – छत्र

**37. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?**

(a) योगी (b) यौवन (c) जीभ (d) जीर्ण

**Ans : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में 'जीभ' शब्द तद्भव है, जिसका तत्सम रूप 'जिह्वा' है। अन्य सभी शब्द तत्सम रूप में हैं।

**38. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया कौन सी है?**

(a) उठना (b) उड़ना (c) दिलाना (d) चलना

**Ans : (c)** प्रस्तुत विकल्पों में प्रेरणार्थक क्रिया 'दिलाना' है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे 'प्रेरणार्थक क्रियाएँ' कहलाती हैं।

**39. 'अलि–अली' शब्द – युग्म का सही अर्थ है:**

(a) भौंरा–भगवान (b) भगवान – दुश्मन

(c) सखी – भौंरा (d) भौंरा – सखी

**Ans : (d)** 'अलि-अली' शब्द-युग्म का सही अर्थ 'भौंरा–सखी' है। अलि का शाब्दिक अर्थ भौंरा होता है और अली/आली का अर्थ सखी/सहेली होता है।

**40. निम्न में से कौन सा वाक्य संयुक्त वाक्य है?**

(a) मैंने लड़के को बुलाया।

(b) उन्हें न नींद आती थी, न भूख प्यास लगती थी।

(c) आपको ऐसा न कहना चाहिए था।

(d) वहाँ जाना अच्छा नहीं है।

**Ans : (b)** प्रस्तुत विकल्पों में 'उन्हें न नींद आती थी, न भूख प्यास लगती थी।' संयुक्त वाक्य है क्योंकि जिस वाक्य में साधारण/मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अवयवों द्वारा होता है, उसे 'संयुक्त वाक्य कहते हैं। इसमें 'उन्हें न नींद आती थी' और 'भूख-प्यास लगती थी' ये दोनों वाक्य 'न' संयोजक द्वारा जुड़ रहे हैं। विकल्प में उपस्थित अन्य वाक्य सरल वाक्य हैं।


## General Aptitude Test
## सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41. In certain code, 'LIGHT' is written as '1297820'. How will 'SIKKIM' be written in the same code?**


**किसी कोड में 'LIGHT' को '1297820' के रूप में लिखा जाता है। उसी कोड में 'SIKKIM' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 1991111913 (b) 1991121913
(c) 1991111813 (d) 1991111923

**Ans : (a)** जिस प्रकार, LIGHT के प्रत्येक अक्षरों का स्थानीय मान दिया गया है।





उसी प्रकार,




**42. Select the option that can correctly replace the question mark (?) in the series.**
**4, 16, 36, ?**
उस विकल्प का चयन करें जो दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को सही रूप से प्रतिस्थापित करता हो।
**4, 16, 36, ?**


(a) 51 (b) 56
(c) 58 (d) 64

**Ans : (d)** दी गई श्रृंखला निम्नवत् है–




अतः श्रृंखला का अगला अंक 64 होगा।

**43. In the question, a figure 'X' is given, followed by four alternative figures '1, 2, 3 and 4' such that figure 'X' is embedded in one of them. Trace the alternative figure, which contains the given figure as its part. (Rotation is not allowed)**
यह प्रश्न में, एक आकृति 'X' दी गई है। इसके द्वारा चार वैकल्पिक आकृतियों 1, 2, 3, और 4 का इस प्रकार अनुसरण किया गया है कि आकृति 'X' उनमें से एक में अंतर्निहित है। उस वैकल्पिक आकृति का पता लगाएँ जिसमें दी गई आकृति इसके एक भाग के रूप में मौजूद है। आकृतियों को घुमाने की अनुमति नहीं हैं।)



X (1) (2) (3) (4)

(a) 4 (b) 2
(c) 1 (d) 3

**Ans : (a)** दी गई प्रश्न आकृति X, उत्तर आकृति (4) में अंतर्निहित है।



X (4)

**44. In the question, out of four figures markeed 1, 2, 3 and 4, three are similar in a certain manner. However, one figure is not like the other three. Choose the figure that is different from the rest.**
यह प्रश्न में 1, 2, 3 और 4 चिह्नित चार आकृतियां हैं। इन चारों में से, तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक आकृति अन्य तीन से भिन्न है। उस आकृति को चुने जो बाकी से भिन्न है।

**Answer Fig. /उत्तर चित्र**




(1) (2) (3) (4)

(a) 3 (b) 4
(c) 1 (d) 2

**Ans : (c)** दिए गए प्रश्न में चार आकृतियाँ दी गई हैं। आकृति 1 अन्य आकृतियों से भिन्न है क्योंकि सभी 3 आकृतियों में दिए गए गोले पूर्ण रूप से काले हैं, जबकि आकृति (1) में दिए गोले में कुछ काला है और कुछ सादा है।

**45. In the question, out of four figures marked, 1, 2, 3 and 4, three are similar in a certain manner. However, onefigure is not like the other three. Choose the figure that is different from the rest.**
यह प्रश्न में 1, 2, 3 और 4 चिह्नित चार आकृतियां हैं। इन चारों में से, तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक आकृति अन्य तीन से भिन्न है। उस आकृति को चुने जो बाकी से भिन्न है।

**Answer Fig. /उत्तर चित्र**



(1) (2) (3) (4)

(a) 3 (b) 4
(c) 1 (d) 2

**Ans : (a)** दिए गए प्रश्न आकृति में आकृति 1, 2, 4 एक समान है जबकि आकृति 3 अन्य से भिन्न है क्योंकि आकृति (3) में काली रेखा अन्य की अपेक्षा आधा है।

**46. Find the term that is related to the third term in the same way as the second term is related to the first term.**
**Kenya : Nairobi :: Norway: ?**
उस शब्द का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही संबंध रखता है, जो दूसरा शब्द पहले शब्द से रखता हैं।
केन्या : नैरोबी :: नॉर्वे: ?

(a) Oslo /ओस्लो (b) Havana /हवाना
(c) London /लंदन (d) Paris /पेरिस

**Ans : (a)** प्रश्न में दूसरा शब्द पहले शब्द की राजधानी है। एक तरफ देश तो दूसरी तरफ उसकी राजधानी दिया है।
केन्या : नैरोबी : : नॉर्वे : ओस्लो

**47. The statement below are followed by two conclusions labelled I and II. Assuming that the information in the statement is true, even if it appears to be at variance with generally established facts, decide which conclusions(s) logically and definitely follow(s) from the information given in the statement.**
**Statements: All dogs are lions.**
**All lions are cats.**
**Conclusion: I: All dogs are cats.**
**II: Some cats are dogs.**
नीचे दिए गए बयान के बाद I और II लेबल किए गए दो निष्कर्ष निकाले जाते हैं। यह मानकर कि कथन में जानकारी सत्य हैं, भले ही सामान्य स्थापित तथ्यों से भिन प्रतीत हो, सुनिश्चित करें कि कौन सा(से) निष्कर्ष

तार्किक रूप से तथा निश्चित रूप से कथन में दी गई जानकारी से परिणाम निकालता (ते) है (हैं)।

कथन : सभी कुत्ते शेर हैं।
सभी शेर बिल्लियाँ हैं।

निष्कर्ष : I: सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
II: कुछ बिल्लियाँ कुत्ते हैं।

(a) Only conclusion I follows
केवल निष्कर्ष I परिणाम देता है।
(b) Only conclusion II follows
केवल निष्कर्ष II परिणाम देता है
(c) Both conclusion follows
दोनों निष्कर्ष परिणाम देते हैं।
(d) Neither conclusion I nor conclusion II follows./न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II परिणाम देता है।

**Ans : (c)** निष्कर्ष - चित्र के अनुसार सभी कुत्ते बिल्ली है इसका तात्पर्य ये हुआ कि कुछ बिल्ली भी कुत्ते हैं। अतः दोनों निष्कर्ष परिणाम देते हैं।




**48.** **The statement below is followed by a conclusion. Without resolving anything yourself, choose teh option to appropriately validate/invalidate the conclusion based on the given statement.**
**Statements: Army personnel are brave people. All army personnel will get 'Ratna'. Devesh is an army man.**
**Conclusion : Devesh will get 'Ratna'.**
नीचे दिया गया कथन के बाद एक निष्कर्ष आता है। स्वयं किसी चीज को हल किए बिना, दिए गए कथन के आधार पर दिए गए निष्कर्ष को समुचित रूप से मान्य/अमान्य करने के लिए विकल्प चुनें।
कथन : सेना कर्मी (सैनिक) बहादुर होते हैं।
सभी सेना कर्मी 'रत्ना' प्राप्त करेंगे।
देवेश एक सैनिक है।
निष्कर्ष : देवेश 'रत्ना' प्राप्त करेगा।

(a) True /सत्य
(b) False /गलत
(c) Probably true /संभवतः सत्य
(d) Can't say /कह नहीं सकते

**Ans : (a)** कथन के अनुसार सेना कर्मी (सैनिक) बहादुर होते हैं। सभी सेना कर्मी रत्ना प्राप्त करेंगे और देवेश एक सैनिक है। इसका तात्पर्य ये है कि देवेश रत्ना प्राप्त करेगा। निष्कर्ष सही है।

**49.** **The statement given below is followed by two arguments numbered I and II. You have to decide which of the arguments is a 'strong' argument.**
**Statement: Should the government encourage the production of plastic?**
**Arguments: I: Yes, this will increase the revenue of government.**
**II: No, this decision will open the way for pollution caused by the plastic industry.**
नीचे दी गयी एक बयान से I और II नंबर के दो तर्क निकाले जाते हैं।/जाता है। आपको यह सुनिश्चित करना है कि कौन सा तर्क 'मजबूत' तर्क है।
कथन :
क्या सरकार को प्लास्टिक के उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए।
तर्क:
I : हाँ इससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा।
II: नहीं, इस निर्णय से प्लास्टिक उद्योग से होने वाले प्रदूषण के लिए रास्ता खुलेगा।


(a) Only I is strong /केवल I मजबूत है
(b) Only II is strong /केवल II मजबूत है
(c) Neither I nor II is strong
न तो I और न ही II मजबूत है।
(d) Both I & II are strong/I और II दोनों ही मजबूत हैं।

**Ans : (b)** प्लास्टिक के उत्पादन को प्रोत्साहित करने से वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा बढ़ेगी इसलिए सरकार को प्लास्टिक का विकल्प तलाशना चाहिए न तर्क I मजबूत नहीं है क्योंकि सरकार को लाभ से ज्यादा हानि उठानी पड़ेगी।

**50.** **Select the option that can correctly replace the question mark (?) in the series.**
**DF, GJ, JN, ?**
उन विकल्प का चयन करें जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को सही रूप से प्रतिस्थापित करेगा।
**DF, GJ, JN, ?**

(a) PM (b) LM
(c) MR (d) OP


**Ans : (c)** दी गई शृंखला निम्नवत् है–




**51.** **Select the option that can correctly replace the question mark (?) in the series.**
**15, 27, 45, ?**
उन विकल्प का चयन करें जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को सही रूप से प्रतिस्थापित करेगा।
**15, 27, 45, ?**

(a) 69 (b) 78
(c) 83 (d) 87


**Ans : (a)** शृंखला निम्नवत् है–




अतः शृंखला का अगला नम्बर 69 होगा।


**52.** **The question consists of four problem figures marked A, B, C and D and four answer figures marked 1, 2, 3 and 4. Select a figure from amongst the answer figure, which can continue the series established by the four problem figures.**
प्रश्न में A, B, C तथा D से चिह्नित चार समस्या वाली आकृतियाँ हैं तथा 1, 2, 3 और 4 से चिह्नित चार उत्तर वाली आकृतियाँ हैं। उत्तर आकृति में से उस आकृति का चयन करें जो समस्या वाली आकृतियों द्वारा स्थापित शृंखला को जारी रखेगी।

**Problem Figure.** /समस्यात्मक आकृति




(a) (b) (c) (d)

Answer Figure. /उत्तर आकृति




(1) (2) (3) (4)

(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

**Ans : (b)** प्रश्न आकृति में प्रत्येक अगले खण्ड में पिछले खण्ड के अपेक्षा एक बाक्स ज्यादा काला है और यही क्रम अंत तक चलेगा अतः आखिरी खण्ड में सभी बाक्स काले होंगे। अतः शृंखला जारी रखने के लिए उत्तर आकृति 4 सही है।

**53. Three different positions of the same dice are shown. Find which numbered face is opposite to the face showing 6?**
समान पासे (डाइस) की तीन अलग-अलग स्थितियाँ दिखाई गई हैं। कौन सी संख्या वाला फलक 6 दिखाने वाले फलक के विपरीत है?




(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (c)** पासा 1 और पासा 2 में दो फलक (फलक 5 और फलक 2) समान है अतः तीनों पासों से-
6 के विपरीत 3
5 के विपरीत 4
2 के विपरीत 1


**54. The following question consists of two sets of figures; A, B, C and D constitute the problem set while figures 1, 2, 3 and 4 constitute the answer set. There is a definite relationship between figures A and B. Establish a similar relationship between figures c and d by selecting a suitable figure from the answer set that would replace the question mark (?) in figure D.**
**निम्नलिखित प्रश्न में आकृतियों के दो सेट हैं। A, B, C तथा D समस्या के सेट में हैं, जबकि आकृतियाँ 1, 2, 3 तथा 4 उत्तर सेट में हैं। A और B आकृतियों के बीच एक निश्चित संख्या है। उत्तर सेट से उपयुक्त से आकृति का चयन करके C और D आकृतियों के बीच इसी तरह का संबंध स्थापित कीजिए, जो आकृति D में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा।**

Problem Fig./समस्यात्मक आकृति




A B C D

Answer Fig./उत्तर आकृति




(1) (2) (3) (4)

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

**Ans : (a)** प्रश्न आकृति के खण्ड में स्पष्ट है कि जो संबंध A का आकृति B से है वही संबंध आकृति C का उत्तर आकृति 2 से होगा। अतः खण्ड D में उत्तर आकृति (2) होगा।

**55. Choose the Venn diagram that best represents the given set of classes.**
**MOTHER , FEMALES, DOCTORS**
**इस वेन आरेख का चयन करें, जो दिए गए वर्गों के सेट को सबसे बेहतर प्रदर्शित करता हो।**
**माताएँ, महिलाएँ, डॉक्टर**



(a) (b)
(c) (d)


**Ans : (c)** माताएँ, महिलाएँ, डॉक्टर के लिए वेन आरेख





**56. In a certain code, 'LEADER' is written as 'NGCFGT'. How will 'DEALER' be written in the same code?/किसी कोड में, 'LEADER' को 'NGCFGT' के रूप में लिखा जाता है। उसी कोड में 'DEALER' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) EFBLES (b) EFBLFS
(c) FGCNGT (d) E41M5S

**Ans : (c)** जिस प्रकार,




ठीक उसी प्रकार दिये गये अक्षरों के स्थानीय मान में 2 जोड़ने पर अगला अक्षर प्राप्त हो रहा है।





**57. Given below are two statements labelled I and II. Determine which of these statements to answer the following question.**
**Question: How many children does Ram have?**
**Statements: I: Sahar is the only daughter of Rena, who is the wife of Ram.**
**II: Sahil and Salil are brothers of Sahar.**
**नीचे I और II लेबल वाले दो कथन दिए गए हैं। सुनिश्चित करें कि इन कथनों में सेकौन निम्नलिखित उत्तर देने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करता(ते) है(हैं)।**
**प्रश्नः राम के कितने बच्चे हैं?**
**कथन : I: सहार रीना की एकमात्र पुत्री है, जो कि राम की पत्नी है।**
**II: साहित और सलिल सहार के भाई हैं।**

(a) Statements I alone is sufficient
अकेले कथन I पर्याप्त है।
(b) Statements II alone is sufficient
अकेले कथन II पर्याप्त है

(c) Statements I and II together are insufficient
कथन I और II, दोनों एक साथ भी अपर्याप्त हैं

(d) Statement I and II together are sufficient
कथन I और II, दोनों एक साथ मिलकर पर्याप्त हैं

**Ans : (d)** कथनानसार – 1 और 2 से




राम के 3 बच्चे हैं। एक पुत्री तथा 2 पुत्र है। अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए दोनों कथन एक साथ पर्याप्त है।

**58. The statement given below is followed by two decisions labelled I and II. You have to assume everything in the statement to be true, and then decide which of the three suggested decisions logically follow(s) based on the statement.**

**Statement:**

**A large number of students are reported to be dropping out of school in Delhi as they are poor and cannot afford school fees.**

**Decisions:**

**I: The government should immediately launch a program for such students to reconnect to school.**

**II. Parents should be motivated to submit fees.**

**नीचे दी गई एक बयान I और II नंबर के दो निर्णय निकाले जाते हैं। आपको यह मानना है कि कथन में दी गई तथ्य/सूचना सारे सत्य है, फिर सुनिश्चित करना है कि दिए गए कथनों के आधार पर सुझाए गए तीन निर्णयों में से कौन सा निर्णय तार्किक रूप से ठीक है।**

**कथन :**

**दिल्ली में बड़ी संख्या में छात्रों के स्कूल से निकलने के बारे में रिपोर्ट किया गया है, क्योंकि वे गरीब हैं तथा स्कूल के शुल्क को वहन नहीं कर सकते हैं। सूचना है कि दिल्ली में बड़ी संख्या में छात्र स्कूल छोड़ रहे हैं क्योंकि वे गरीब हैं और स्कूल शुल्क वहन नहीं कर सकते हैं।**

**निर्णयः**

**I : ऐसे छात्रों को स्कूल से पुनर-मिलाप के लिए सरकार को तुरंत एक कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।**

**II : शुल्क जमा करने के लिए माता-पिता को प्रेरित करना चाहिए।**

(a) Only I follows /केवल I ठीक है
(b) Both I and II follow/ I और II, दोनों ठीक हैं
(c) Either I or II follows
या तो केवल I या केवल II ठीक है
(d) Only II follows /केवल II ठीक है

**Ans : (a)** कथन के अनुसार दिल्ली में स्कूल के बच्चे स्कूल इसलिए छोड़ रहे है कि वे गरीब हैं। सरकार को तुरंत संज्ञान लेते हुए बच्चों को पुनः स्कूल में लाने के लिए एक कार्यक्रम शुरू करना चाहिए। जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। निर्णय (II) तार्किक रूप से ठीक नहीं है।

**59. How many letter(s) in the word SUNDERBAN occupy/ occupies the same position in the word as it does in the English alphabet series?**

**SUNDERBAN शब्द में कितने अक्षर उसी क्रम में आते हैं, जैसा कि यह अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में आते हैं?**

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**Ans : (a)** SUNDERBAN में अक्षरों का सही क्रम D और E का मान उसी क्रम में है जैसे वर्णमाला श्रृंखला में आते हैं। अक्षरों की संख्या=2

**60. If 'A' is replaced by '+', 'B' is replaced by '–', 'C' is replaced by '÷' and 'D' is replaced by '×', find the value of the following expression.**

**25C5B35A15D4**

**यदि 'A' को '+' द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, 'B' को '–' द्वारा 'C' को '÷' द्वारा तथा 'D' को '×' द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, तो निम्नलिखित अभिव्यक्ति को मान का पता लगाएँ।**

**25C5B35A15D4**

(a) 21 (b) 30
(c) 53 (d) 54

**Ans : (c)** दिया है – A = '+', B = '–', C = '÷', D = '×'

∵ $25 \div 5 - 35 + 15 \times 4$

$= 5 - 35 + 60 = 65 - 35 = 30$

# General Knowledge
## सामान्य जानकारी

**61. What is the class of computer bugs, related to the formatting and storage of calendar data for dates beginning in the year 2000, known as?**

**वर्ष 2000 में शुरू होने वाली तिथियों के लिए कैलेंडर डेटा के स्वरूपण और संग्रहण से संबंधित कंप्यूटर बग की श्रेणी क्या है?**

(a) CRM (b) Y2K
(c) B2B (d) SAP

**Ans : (b)** वर्ष 2000 की समस्या, जिसे Y2K(वाई 2 के) समस्या के रूप में भी जाना जाता है। वर्ष 2000 में शुरू होने वाली तिथियों के लिए कैलेंडर डेटा के प्रारूपण और भंडारण से सम्बन्धित कम्प्यूटर बग की एक श्रेणी थी। Y2K का 'Y' साल (ईयर) को वही 2K, 2000 को प्रदर्शित करता है। ज्ञातव्य है कि जब सन् 1999 की समाप्ति व 2000 प्रारम्भ होने वाला था तब विश्व के कम्प्यूटर 31 दिसंबर 1999 से आगे का साल बदल पाने में सक्षम नहीं थे, सिस्टम अगले साल के लिए तारीख और महीना बदल सकते थे, लेकिन साल के दो आखिरी अंक को छोड़कर पहले अंक नहीं बदले जा सकते थे, इस तरह 1 जनवरी 2000 को कंप्यूटरों में दिखने वाली तारीख 1/1/1900 ही रहती। इस तरह समयकाल 100 वर्ष पूर्व का दिखता इसी कारण Y2K बग को मिलेनियम बग भी कहा जाता है, जो कि एक प्रकार की कम्प्यूटर कोडिंग की खराबी थी।

**62. Which of the following companies do NOT have a manufacturing setup in Uttar Pradesh?**

**निम्न में से कौन सी कंपनी का उत्तर प्रदेश में विनिर्माण सेटअप नहीं है।**

(a) Yamaha /यामाहा (b) Honda /होंडा
(c) Skoda /स्कोडा (d) Tata Motors /टाटा मोटर्स

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश में यामाहा (ग्रेटर नोएडा), होंडा (ग्रेटर-नोएड) व टाटा मोटर्स (लखनऊ) की विनिर्माण इकाईयाँ कार्यरत हैं जबकि स्कोडा की विनिर्माण इकाई महाराष्ट्र में स्थापित है।

**63. Which organisation, founded by Raja Ram Mohan Roy in 1805, attempted to remove prejudices, negative traditions and practices against women?**

**1805 में राजा राम मोहन राय द्वारा स्थापित किस संगठन ने महिलाओं के खिलाफ नकारात्मक परंपराओं, पूर्वाग्रहों और प्रथाओं को हटाने का प्रयास किया?**

(a) Brahmo Samaj /ब्राह्मों समाज
(b) Arya Samaj /आर्य समाज
(c) Freethinkers' Society /फ्रीथिंकर्स सोसायटी
(d) Freemasons /फ्रीमेसन्स

Ans : (*) प्रश्नानुसार, राजा राममोहन राय ने 1805 में किसी संगठन की स्थापना नहीं की बल्कि 1815 में आत्मीय सभा व 1828 में ब्रह्म समाज की स्थापना की थी। आर्य समाज की स्थापना 1875 में दयानन्द सरस्वती ने की थी। फ्रीथिंकर्स सोसायटी न्यूयार्क सिटी में 1915 में स्थापित हुयी तथा फ्रीमेसन्स 14वीं शताब्दी में धर्म सुधार आंदोलन का एक हिस्सा थी।

**64. Which of the following is NOT a dynasty that ruled in the South of India?/निम्न में से कौन से वंश ने भारत के दक्षिण भाग पर शासन नहीं किया है?**

(a) Cheras /चेर (b) Pandyas /पांड्या
(c) Rajputs /राजपूत (d) Cholas /चोला

Ans : (c) राजपूत वंश ने भारत के दक्षिण भाग पर शासन नहीं किया। 7वीं-12वीं शताब्दी तक का काल 'राजपूत काल' कहलाता है। इस काल के महत्वपूर्ण राजपूत वंशों में राष्ट्रकूट वंश, चालुक्य वंश, चौहान वंश, चंदेल वंश, परमार वंश एवं गहडवाल वंश आदि आते हैं। राजपूत वंश ने भारत के उत्तर भाग पर शासन किया। जैसे, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश इत्यादि।

**65. Where is India is one of the largest salt deserts in the world located?/दुनिया के सबसे बड़े क्षार रेगिस्तान में से एक भारत में कहाँ स्थित है?**

(a) Chandipur, Orissa /चांदीपुर, उड़ीसा
(b) Vedaranyam, Tamil Nadu /वेदारान्यम, तमिलनाडु
(c) Jaisalmer, Rajasthan /जैसलमेर, राजस्थान
(d) Kutch, Gujarat /कच्छ, गुजरात

Ans : (d) गुजरात (भारत) में स्थित "कच्छ का रण" एक विशाल क्षारयुक्त दलदली इलाका है। कच्छ के रण में नमक का विशाल भंडार है। गुजरात में उत्पादित होने वाले कुल नमक का 1/3 भाग कच्छ के रण से प्राप्त होता है। "कच्छ का रण" देश की सबसे बड़ी Wildlife Sanctuaries में से एक है।

**66. Which place in Bulandshahr District in Uttar Pradesh is well known for ceramics?**
**उत्तर प्रदेश का बुलंदशहर जिले में कौन सा स्थान चीनी मिट्टी की चीजों के लिए जाना जाता है?**

(a) Sikandrabad /सिकंदराबाद (b) Dankaur /डंकौर
(c) Khurja /खुर्जा (d) Meerut /मेरठ

Ans : (c) खुर्जा उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग में बुलंदशहर जिले में स्थित प्रसिद्ध नगर है। यहाँ चीनी मिट्टी के कलात्मक बर्तन बनाये जाते हैं। खुर्जा से बांग्लादेश, फ्रांस, श्रीलंका, थाइलैण्ड, सिंगापुर, जर्मनी, अफ्रीका, इंग्लैण्ड आदि देशों में पाटरी निर्यात की जाती हैं।

**67. Which Sri Lankan Prime Minster was removed from office in October 2018?/किस श्रीलंकाई प्रधानमंत्री को अक्टूबर 2018 में पद से हटाया गया?**

(a) Mahindra Rajapaksa /महिंद्रा राजपक्षे
(b) Maithripal Sirisena /मैत्रीपाल सिरिसेना
(c) Chandrika Kumartunga /चंद्रिका कुमारतुंगा
(d) Ranil Wickremesinghe /रानिल विक्रमसिंघे

Ans : (d) श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाल सिरीसेना ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को अक्टूबर, 2018 को उनके पद से हटा दिया परन्तु बाद में श्रीलंका की उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप से पुनः विक्रमसिंघे प्रधानमंत्री बने।

**68. On 15th August 2018, India celebrated its ..... Independence Day./15 अगस्त 2018 को भारत ने अपना ........ वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया**

(a) 72 (b) 74
(c) 73 (d) 15

Ans : (a) भारत का प्रथम स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 1947 को मनाया गया जबकि 15 अगस्त, 2018 को भारत ने अपना 72वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया।

**69. What is Mariana Trench famous for?**
**मेरियाना खाई किस के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Most number of volcanoes
सबसे अधिक ज्वालामुखी के लिए
(b) Most number of corals
सबसे अधिक मूंगे (कोरल) के लिए
(c) The deepest point on earth
पृथ्वी पर सबसे गहरी बिंदु के लिए
(d) Most numbers of ships that sank
सर्वाधिक जहाज डूबने के लिए

Ans : (c) मेरियाना या चैलेंजर गर्त (खाई) प्रशान्त महासागर में मैरियाना द्वीप के पूर्वी भाग पर चाप आकार में फैला है। इसकी उत्पत्ति प्लेटों के क्षेपण से हुई तथा इस गर्त की खोज वर्ष 1948 में HMS चैलेंजर II नामक जलयान द्वारा की गई। इस गर्त की अनुमानित गहराई 11.033 मी. है। यह विश्व का सबसे गहरा गर्त है।

**70. What is the maximum number of ministers that can be part of the Union Cabinet of India? भारत के केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अधिकतम कितने मंत्री हो सकते हैं?**

(a) 15% of the total strength of Lok Sabha
लोकसभा की कुल संख्या का 15%
(b) 10% of the total Strength of Lok Sabha
लोकसभा की कुल संख्या का 10%
(c) 5% of the total Strength of Lok Sabha
लोकसभा की कुल संख्या का 5%
(d) 20% of the total Strength of Lok Sabha
लोकसभा की कुल संख्या का 20%

Ans : (a) केन्द्र तथा राज्य में मंत्रिपरिषद की सदस्य संख्या क्रमशः लोकसभा या विधानसभा की सदस्य संख्या का 15% होगा। जहाँ सदन की सदस्य संख्या 40–40 है, वहाँ अधिकतम 12% होगी। (91वाँ संविधान संशोधन, 2003)

**71. When was currency demonetisation first attempted in independent India?/स्वतंत्र भारत में पहली बार मुद्रा विमुद्रीकरण का प्रयास कब हुआ?**

(a) 1956 (b) 2016
(c) 1978 (d) 1963

Ans : (c) भारत में विमुद्रीकरण प्रथम बार सन् 1946ई. में हुआ था। तब ₹ 500, ₹ 1000 तथा ₹ 10000 के नोटो को बन्द किया गया जबकि स्वतंत्र भारत में प्रथम बार या दूसरी बार विमुद्रीकरण सन् 1978 ई. में मोरारजी देसाई सरकार ने किया था तब प्रचलन में रहे ₹ 1000, ₹ 25000 तथा ₹ 10000 के नोटों के बंद किया गया जबकि तीसरी बार विमुद्रीकरण 8 नवंबर 2016 में किया गया जिसमें ₹ 500 एवं ₹ 1000 के नोटो क बंद किया गया था।

**72. Which act contains a provision that empowers the government to issue directions to the Reserve Bank of India?**
**किस अधिनियम में एक ऐसा प्रावधान है, जो भारत सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश जारी करने का अधिकार देता है?**

(a) The Finance Bill /वित्त विधेयक
(b) The Banking Act /बैंकिंग अधिनियम
(c) Section 11 of the Constitution of India
भारत के संविधान की धारा 11
(d) Section 7 of the RBI Act
आरबीआई अधिनियम की धारा 7

Ans : (d) भारतीय रिजर्व बैंक एक स्वायत्तशासी संस्थान है। यह अपना निर्णय स्वयं करता है। परन्तु, कुछ विशेष परिस्थितियों में केन्द्र सरकार R.B.I. के गवर्नर से परामर्श कर लोकहित में भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश दे सकती है। (R.B.I Act. 1934 की धारा 7 के अनुसार)।

**73. In which state of the USA did wildfires rage and cause destruction and loss of human life in November 2018?**
**नवंबर 2018 में अमेरिका के किस राज्य में जंगल की आग बढ़ी तथा बड़े विनाश और मानव जीवन की हानि का कारण बनी?**
(a) California /कैलिफोर्निया
(b) Texas /टेक्सास
(c) Ohio /ओहायो
(d) Virgina /वर्जीनिया

**Ans : (a)** नवंबर, 2018 में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में भीषण आग लगी, जो मानव-जीवन के विनाश और हानि का कारण बनी। इससे पहले भी कैलिफोर्निया में सबसे भीषण आग वर्ष 1933 में ग्रीफिथ में लगी थी।

**74. Mickey Mouse, the well-known cartoon character, celebrated its 90th anniversary in 2018. Who was the creator of Mickey Mouse?**
**प्रसिद्ध कार्टून पात्र 'मिकी माउस' ने 2018 में अपनी 90वीं सालगिरह मनाई। मिकी माउस का निर्माता कौन है?**
(a) Dream Works Studios /ड्रीमवर्क्सस्टूडियो
(b) Marvel Comics /मार्वर कॉमिक्स
(c) Walt Disney Studios/वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज
(d) DC Comics, Inc. /डीसी कॉमिक, इंक

**Ans : (c)** मिकी माउस का सृजन वॉल्ट डिज्नी और यूबी इवेर्क्स के द्वारा 1928 में वॉल्ट डिज्नी स्टूडियो में किया गया था। प्रसिद्ध कार्टून पात्र 'मिकी माउस' ने 2018 में 90वीं सालगिरह मनाई।

**75. MotoGP Championships are conducted for which sport/race?**
**मोटो जीपी चैंपियनशिप किस खेल/दौड़ (रेस) के लिए आयोजित की जाती है?**
(a) Motorcar racing /मोटर गाड़ी रेसिंग
(b) Motorcycle racing /मोटरसाइकिल रेसिंग
(c) Horse racing /घुड़दौड़
(d) Camel racing /ऊँटों की दौड़

**Ans : (b)** मोटो जीपी वर्ल्ड चैंपियनशिप मोटरसाइकिल रेस से सम्बन्धित है। मोटो जीपी के वर्ष 2018 का खिताब जापान के मारक्वेज ने जीता।

**76. Which of the following is a digital ledger in which transactions made in cryptocurrency are recorded chronologiclly and publicly?**
**निम्न में से कौन सा डिजिटल लेजर है जिसमें क्रिप्टोकरेंसी में किए गए लेन-देन कालानुक्रमिक रूप से और सार्वजनिक रूप से दर्ज किए जाते हैं?**
(a) Database/डेटाबेस (b) Vault /वॉल्ट
(c) Blockchain /ब्लॉकचैन (d) Bitcoin /बिटकॉइन

**Ans : (c)** ब्लाकचेन तकनीक एक डिजिटल सार्वजनिक लेजर (खाता) है, जहाँ सभी प्रकार के लेनदेन और सूचनाओं का स्थायी रिकार्ड मौजूद होता है जिसका प्रमाणीकरण किया जा सकता है। ब्लाकचेन तकनीक तीन अलग-अलग तकनीको यथा-इंटरनेट, पर्सनल की अर्थात क्रिप्टोग्राफी (गुप्त सूचना) एवं प्रोटोकॉल पर नियंत्रण को सम्मिलित किया जाता है।

**77. Which of the following wildlife sanctuaries is located in Uttar Pradesh?/निम्न वन्यजीव अभयारण्यों में से कौन सा उत्तर प्रदेश में स्थित है?**
(a) Kheoni Wildlife Sanctuary
खेनी वन्यजीव अभयारण्य
(b) Karera Wildlife Sanctuary
करेरा वन्यजीव अभयारण्य
(c) Bori Wildlife Sanctuary
बोरी वन्यजीव अभयारण्य
(d) Chandraprabha Wildlife sanctuary
चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य

**Ans : (d)** चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जिसे चंद्रप्रभा के नाम से भी जाना जाता है, उ.प्र. के चन्दौली जिले में स्थित है। यहाँ कई गुफाएं, पहाड़ और कई प्रमुख वन्यजीव प्राणी जैसे- कृष्णमृग, चीतल, भालू, नीलगाय, तेंदुआ, सांभर, बारहसिंगा इत्यादि पाये जाते हैं।
बोरी वन्यजीव अभयारण्य मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के सतपुड़ा क्षेत्र में फैला हुआ है।
करेरा वन्यजीव अभयारण्य भी मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की करेरा तहसील में है। इस अभयारण्य की स्थापना सोनचिड़िया के संरक्षण के लिए की गई है।

**78. The decision to allow women of childbearing age to worship at Sabarimala temple was taken by :**
**सबरीमाला मंदिर में पूजा के लिए प्रसूति महिलाओं को अनुमति देने का निर्णय किनके द्वारा लिया गया था?**
(a) Sabarimala Governing Committee
सबरीमाला शासी समिति
(b) the State Cabinet of Kerala
केरल राज्य मंत्रिमंडल
(c) the High Court of Kerala
केरल का उच्च न्यायालय
(d) the Supreme Court of India
भारतीय सर्वोच्च न्यायालय

**Ans : (d)** 28 सितम्बर, 2018 को सर्वोच्च न्यायालय के 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4–1 के बहुमत से सबरीमाला मंदिर में पूजा के लिए प्रसूति महिलाओं को अनुमति देने का निर्णय इंडियन यंग लायर्स एसोसिएशन बनाम केरल राज्य के वाद में दिया गया।

**79. What affectionate title did Gandhiji give Rabindranath Tagore?**
**गांधीजी ने रवींद्रनाथ टैगोर को प्रेम से क्या उपाधि दी?**
(a) Kaviraj /कविराज (b) Gurudev /गुरुदेव
(c) Santh /संत (d) Bapu /बापू

**Ans : (b)** गांधी जी ने रवींद्रनाथ टैगोर को 'गुरुदेव' की उपाधि दी तथा रवींद्रनाथ टैगोर ने गांधी जी को 'महात्मा' कहा। रवीन्द्र नाथ टैगोर को उनकी काव्यकृति 'गीतांजलि' के लिए सन् 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वह प्रथम एशियाई व्यक्ति थे।
नोट- गांधीजी ने इन्हें 'महान प्रहरी' (The Great Senlind) भी कहा था।

**80. Among countries that do NOT have a single river, flowing within their boundaries, which one is the biggest?**
**उस सबसे बड़े देश का नाम बताएँ, जिसकी सीमा में एक भी नदी नहीं बहती है?**
(a) United Arab Emirates /संयुक्त अरब अमीरत
(b) Saudi Arabia /सउदी अरब
(c) Kuwait /कुवैत
(d) Libya /लीबिया

**Ans : (b)** सऊदी अरब विश्व का सबसे बड़ा नदी विहीन देश है। विश्व में ऐसे 17 अन्य देश भी हैं जहाँ कोई भी नदी नहीं बहती जैसे- ओमान, कतर, कुवैत आदि परन्तु इन सबसे सऊदी अरब सबसे बड़ा है।